हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 27 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काई रूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक परिसर में बहु-प्रक्षेपण यानों के डिज़ाइन, विकास, एकीकरण और परीक्षण के लिए हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाया जा सकेगा। श्री मोदी ने स्काई रूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट - विक्रम-वन का भी अनावरण किया । इस रॉकेट से उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित भी किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा -

स्काई रूट भारत की अग्रणी निजी अंतरिक्ष कंपनी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के पूर्व छात्र और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पवन चांदना और भरत ढाका इसके संस्थापक उद्यमी हैं।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया -

श्री वैष्णव ने कहा कि अपनी तरह की इस पहली योजना का उद्देश्य देश में हर साल छह हजार मीट्रिक टन एकीकृत रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट का विनिर्माण करना है।

****

हरियाणा में आज सरकारी डाक्टरों ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की। सरकार द्वारा इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के ठोस प्रबंध किए गए । स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने सभी सिविल सर्जन और प्रधान चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर ओपीडी सेवाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए और राज्यभर में सभी आपातकालीन सेवाएं संचालित रहीं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लगभग 400 डॉक्टर भी ओपीडी सेवाओं में ड्यूटी पर लगाया गया है।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि अंबाला छावनी में हड़ताल के आहवा का कोई असर देखने को नहीं मिला।मरीजों को सभी सेवाएं पहले की भांति मिलती रहीं।

****

खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने रोहतक जिले में हाल ही में प्रशिक्षण के दौरान जर्जर खेल उपकरणों के उपयोग से प्रदेश के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की दर्दनाक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए खेल राज्यमंत्री ने मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई के अधिकारियों और अंबाला, हिसार, रोहतक व गुरुग्राम सहित प्रदेश के सभी जिला खेल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वे खेल परिसरों में स्थित भवनों और खेल उपकरणों का संपूर्ण निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि जो भी उपकरण जर्जर स्थिति में हैं उन्हें तुरंत उपयोग से बाहर कर दिया जाए।

मंत्री ने कहा है कि इन निर्देशों की पालना में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इसके लिए जिम्मेदार होंगे। इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जान गवाने वाले बच्चों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की मदद देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है।

****

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कल भारत के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में और संवैधानिक मूल्यों, कानूनी साक्षरता और नागरिकों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संविधान दिवस वॉकथॉन का आयोजन किया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश, न्यायमूर्ति लिसा गिल एंव हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यकारी अध्यक्ष इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुईं।

अपने संबोधन में न्यायमूर्ति लिसा गिल ने कहा कि एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रलेख है, जो प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, नए विश्व मुद्दों से निपटने के लिए संवैधानिक मूल्यों की हमारी समझ को गहरा करने और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी की पुष्टि करने के लिए सामूहिक उपाय करने की सख्त जरूरत है। इस दौरान न्यायमूर्ति लिसा गिल द्वारा नालसा जागृति योजना, के तहत तैयार कानूनी जागरूकता वीडियो और"भारत के संविधान के लिए एक शुरुआती मार्गदर्शिका" के शीर्षक से एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

****